भारत सरकार
अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 3004
उत्तर देने की तारीख : 12.03.2020

'नया सवेरा' योजना

3004. श्री निशीथ प्रमाणिकः

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 'नया सवेरा' योजना में अल्पसंख्यक छात्रों के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

(ख) देश और पश्चिम बंगाल राज्य के उन अल्पसंख्यक छात्रों का राज्य–वार ब्यौरा क्या है जो इससे लाभान्वित हुए हैं?

उत्तर

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री
(श्री मुख्तार अब्बास नकवी)

(क) अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय नया सवेरा योजना कार्यान्वित करता है जिसके तहत छह अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदायों अर्थात् मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, जैन और पारसी समुदायों के छात्रों को निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जाती है। योजना में छात्रों को कोचिंग प्रदान की जाती है ताकि उन्हें तकनीकी/व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षाओं और समूह 'क', 'ख' और 'ग' सेवाओं में भर्ती के लिए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने में सक्षम बनाया जा सके। यह योजना परियोजना कार्यान्वयनकर्ता एजेंसियों/गैर–सरकारी संगठनों (एनजीओ) के माध्यम से कार्यान्वित की जाती है।

(ख) इस योजना के तहत पश्चिम बंगाल सहित लाभान्वित 1,01,675 युवाओं का राज्यवार विवरण अनुबंध पर दिया है।

अनुबंध

नया सवेरा योजना के बारे में श्री निशीथ प्रमाणिक द्वारा पूछे गए और 12.03.2020 को उत्तर के लिए निर्धारित लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3004 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

नया सवेरा योजना के तहत लाभान्वित अल्पसंख्यक छात्रों का राज्य–वार ब्यौरा (05.03.2020 तक)		
क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	छात्रों की संख्या
1	आंध्र प्रदेश	11205
2	असम	2600
3	बिहार	2150
4	चंडीगढ़	1064
5	छत्तीसगढ़	320
6	दिल्ली	6279
7	गोवा	50
8	गुजरात	2253
9	हरियाणा	1450
10	हिमाचल प्रदेश	25
11	जम्मू और कश्मीर	2130
12	झारखंड	1585
13	कर्नाटक	9168
14	केरल	4085
15	मध्य प्रदेश	3453
16	महाराष्ट्र	11354
17	मणिपुर	2027
18	मेघालय	470
19	मिजोरम	990
20	नागालैंड	100
21	ओडिशा	815
22	पंजाब	1330
23	राजस्थान	5241
24	तमिलनाडु	1100
25	तेलंगाना	5580
26	त्रिपुरा	240
27	उत्तर प्रदेश	15498
28	उत्तराखंड	410
29	पश्चिम बंगाल	8703
	कुल	101675